दिनांक 02.01.2026 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम आयुक्त ने किया जोन–5 के उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट का निरीक्षण, संधारण और सफाई के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आज जोन–5 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर–4 स्थित उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उद्यानों का कायाकल्प और बेहतर सफाई पर जोर देने निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त एवं स्थानीय पार्षद राजेश चौधरी ने सेक्टर–4 सड़क 12 के समीप स्थित उद्यान का अवलोकन किया। आयुक्त ने उद्यान की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तत्काल व्यापक साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। उद्यान में बच्चों के लिए स्थापित खेल सामग्रियों के संबंध में आयुक्त ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू एवं उप अभियंता को निर्देशित किये हैं कि सभी झूलों और उपकरणों का आवश्यक संधारण सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों को सुरक्षित मनोरंजन मिल सके। आयुक्त ने सड़क 25 स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया और वहां भी बेहतर रखरखाव व संधारण कार्य जल्द पूर्ण करने को कहा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए क्रिकेट कोर्ट में होगा सुधार खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में आयुक्त ने क्रिकेट कोर्ट का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए उन्होंने कोर्ट के चारों ओर लगी जाली के संधारण के निर्देश दिए, ताकि खेल के दौरान सुरक्षा बनी रहे। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, स्वस्छता निरीक्षक सूर्या, सुपरवाइजर मनीष चौधरी, वेंकट सहित निगम के अन्य विभागीय कर्मचारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

